54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.6°c अधिकतम 33.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:48, सूर्यास्त - 6:56 | वर्ष : 54/ अंक : 227 | मंगलवार, 18 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, षष्ठी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

मतलबी लोग और धूल एक जैसे होते हैं, जिधर की हवा चलती है, उधर ही चल पड़ते हैं।

पी चिदंबरम का यह कहना कि मैं भी दिमागी नक्सली हूं, बेहद आपत्तिजनक है : रविशंकर प्रसाद



इस जमाने में सच को कह देना.... बात छोटी नहीं है नेता जी......

# स्ट्रीट लाइट लगाते हुए हाईटेंशन लाइन से टच हुई हाइड्रा, करंट से युवक की मौत









**1 भाजपा मीडिया प्रभारी ठेकेदार पवन अरोरा के अंडर में काम कर रहा था मृतक बंटी**

**2 4 माह पहले ही हुआ था विवाह, 5 लाख का चेक, 2.5 लाख नकद व पत्नी को नौकरी के आश्वासन पर धरना समाप्त**

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** सोमवार की शाम भोपा रोड पर उस समय बड़ा हादसा हो गया, जब मौहल्ला शांतिनगर के गेट नम्बर-2 पर हाइड्रा की मदद से स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही थी। स्ट्रीट लाइट के लिए कार्य कर रहे बंटी पुत्र हरिराम व उसके साथी परमजीत पुत्र राजपाल निवासीगण मुस्तफाबाद हाइड्रा में खड़े हुए थे, तभी अचानक हाइड्रा हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। लाइन से टकराते ही पूरे हाइड्रा में करंट दौड़ पड़ा और करंट से बंटी पूरी तरह से झुलस गया। मौके पर ही बंटी (24) की मौत हो गयी जबकि उसका साथी परमजीत बच गया। जैसे ही घटना की सूचना बंटी के परिजनों को लगी तो परिवार के लोगों ने सड़क पर ही जाम लगा दिया। लगभग चार घंटे चले इस जाम में परिवार के लोगों ने मुआवजे की मांग की। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन द्वारा परिजनों को 5 लाख का चेक, 2.5 लाख नकद व पत्नी को नौकरी के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया। बंटी के शव को देखकर परिवार के लोगों में धरना समाप्त होने के बाद भी हा-हाकार मचा हुआ था और लगभग डेढ़ घंटे तक भोपा रोड पर जाम के हालात खड़े हो गए। पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और कई बार समझाने के बाद भी परिवार के लोग जाम खोलने को तैयार नहीं हुए, पर आश्वासन के बाद जाम खोल दिया गया।

**चार माह पहले ही हुआ था बंटी का विवाह, पत्नी दो माह की गर्भवती**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड पर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हुई बंटी की दुखद मौत में सबसे दुखद बात यह रही कि बंटी का विवाह चार माह पहले ही शिवानी के साथ हुआ था और परिवार की माने तो शिवानी दो माह की गर्भवती भी बताई गयी। ऐसे में शिवानी व बंटी दोनों के परिवार में इस बात को लेकर कोहराम मचा हुआ है कि बंटी तो चला ही गया साथ ही साथ नवविवाहिता व गर्भस्थ शिशु एक तरह से बिना पिता के अनाथ हो गया।



मृतक बंटी का फाइल फोटो

## खत्म हो गया नेताजी का खेला, उखड़ गया टाउन हाल का मेला

**▶▶ बिना अनुमति अधिकारियों की नाक के नीचे शुरू हो गया था मेला**
**▶▶ सभासदों ने विरोध किया तो ईओ ने अनुमति से किया इंकार**

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में स्वतन्त्रता दिवस व तीज महोत्सव के नाम पर पर शुरू हुए लूट के मेले को लेकर सभासदों के विरोध के बाद अधिशासी अधिकारी ने इसकी अनुमति रद्द कर दी। मेले के नाम पर टाउन हाल ग्राउंड में झूले आदि लगाकर दुकान सजा दी गई थी। अचानक इसकी अनुमति रद्द किए जाने से आयोजकों में खलबली मच गई और वे दमदार नेताओं के चक्कर काटते देखे गए, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की ओर से नगर मजिस्ट्रेटको पत्र प्रेषित करते हुए टाउन हाल में 22 अगस्त तक स्वतन्त्रता दिवस व तीस महोत्सव मेला लगाये जाने हेतु टाउन हाल मैदान आवंटन किये जाने का अनुरोध किया गया था। इसके लिए पालिका द्वारा आयोजकों को अनुमति पत्र जारी नहीं किया गया। हालांकि आयोजकों से नियमानुसार धनराशि जमा करायी गयी थी। मामले को लेकर सभासदों ने विरोध किया तो अधिशासी अधिकारी ने मेले की अनुमति निरस्त करते हुए जारी पत्र में कहा है कि आयोजकों द्वारा अनुमति से पूर्व ही 14 अगस्त को ही मेले के आयोजन हेतु झूले आदि लगा दिये गए। ईओ ने अनुमति रद्द करते हुए आयोजकों को भेजे पत्र में कहा कि अपरिहार्य कारणों से मेले के आयोजन को लेकर प्रस्तुत किये गये प्रार्थना पत्र पर कोई विचार न करते हुए इसके लिए मांगी गई



स्वीकृति को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है, तथा आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तत्काल पालिका मैदान में आप द्वारा लगाये गये झूले आदि को हटवाया जाना सुनिश्चित करें। आायोजकों द्वारा 14 अगस्त से 17 अगस्त तक पालिका मैदान का उपभोग किया गया है, जिसकी धनराशि उनसे नियमानुसार वसूल की जायेगी। ज्ञात रहे कि मेले के आयोजन को लेकर सभासदों ने पालिकाध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा था कि इसके लिए अनुमति प्रदान न की जाए, क्योंकि नगर पालिका के प्रांगण में बहुत कम जगह है। मेले का आयोजन होता है तो काफी भीड़ आती है। इससे कोई भी दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहेगी, क्योंकि नगर पालिका का प्रांगण शहर के मेन मार्किट में स्थित है। प्रांगण के चारों ओर जो दिवारे है, वह जर्जर अवस्था में हैं। यदि ऐसे में कोई दुर्घटना होती है तो उसका उत्तरदायित्व नगर पालिका प्रशासन का होगा, जो नगर पालिका प्रशासन में एक प्रश्न चिन्ह लग सकता है। सभासदों ने पालिकाध्यक्ष से मेले की अनुमति ना देने का अनुरोध किया था। ज्ञापन देने वाले सभासदों में राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, देवेश कौशिक, रविकांत, प्रशांत गौतम, कुसुम लता, सीमा जैन, सईदुज्जमा व राखी आदि सभासद शामिल हैं। सभासदों के विरोध के बाद मेले की अनुमति तो रद्द कर दी गई है, लेकिन जांच का विषय यह है कि उक्त मेले की इजाजत किसकी शय पर बिना किसी पूर्व जांच के दी गई। मेले जैसे आयोजन के लिए कोई जांच कराए बिना पालिका ने पैसा जमा करा लिया। इसके अलावा मेले को समुचित अनुमति मिले बिना ही खुद पालिका अधिकारियों की नाक के नीचे टाउन हाल मैदान में मेले के नाम पर लूट खसोट का बाजार सज भी गया और अधिकारी मूक दर्शक बने देखते रहे। सभासदों के विरोध के बाद उन्हें होश आई कि यह मेला लगने योग्य नहीं है। ऐसे में इस पूरे प्रकरण में किसकी जवाबदेही है, यह भी चेयरमैन को तय करना चाहिए।

## रात में बारिश, दिन में बादल, आज फिर भारी बारिश का अलर्ट जारी

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** सुबह हुई बारिश के बाद दिन में शहर में धूप और छांव का खेल चलता रहा। ऐसे में नगर में आज तापामन अधिकतम 33.0 तथा न्यूनतम 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा 7.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मंगलवार को भी मौसम विभाग ने व्यापक प्रादेशिक मानसूनी सक्रियता से प्रदेश में भारी से बहुत भारी वर्षा के आसार जताए हैं। 19 अगस्त से प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में 23 अगस्त तक बारिश जारी रहेगी।

नगर में मॉनसून इन दिनों जमकर भिगो रहा है। इसके चलते एकाध दिन खामोशी के बाद बारिश शहर समेत जिले को भिगो रही। बीती रात भी जमकर बारिश हुई। नगर में 7.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के इस दौर के बाद सुबह लोगों की आंखें खुलीं तो आसमान पर बादल तो थे, लेकिन सूर्यदेव भी चमक रहे थे। ऐसे में दिन भर धूप और छांव का खेल चलता रहा। इसके चलते हल्की उमस के बावजूद मौसम एसा कटखना नहीं था। कई बार घने बादल आए जरूर लेकिन बरसे नहीं। मौसम विभाग ने रात में फिर बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि निचले क्षोभमंडल में पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं उत्तरी हरियाणा पर बने अलग-अलग चक्रवाती परिसंचरणों के साथ ही मानसूनी द्रोणी का पश्चिमी छोर अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर में हिमालय की तराई की ओर खिसककर फिरोजपुर, मुजफ्फरनगर, गोरखपुर, मुंगेर होते हुए उत्तरी-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जाने एवं मध्य क्षोभमंडलीय अपरूपण क्षेत्र की अनुकूल परिस्थितियों के प्रभाव से प्रदेश में आगामी 48 घंटो के दौरान प्रदेश में कहीं- कहीं भारी वर्षा के उपरान्त उत्तरी-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी एवं संलग्न पश्चिम बंगाल-उत्तरी उड़ीसा तट पर संकेंद्रित अवदाब के आरम्भ में उत्तर-उत्तर-पश्चिमी तथा बाद में उत्तर-पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ने की संभावना के दृष्टिगत 19 अगस्त से प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में 23 अगस्त तक भारी वर्षा के साथ 20-21 अगस्त के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

## सड़क हादसे में हुई 26 वर्षीय युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**बुढ़ाना, 17 अगस्त (बु.)।** नोएडा से बुढ़ाना लौट रहे एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा मेरठ जनपद के रोहटा थाना क्षेत्र में बाईपास पर स्थित गंगनहर रोड पर हुआ। घटना की सूचना मिलते ही जहां एक ओर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया, वहीं सभासद इमरान कुरैशी ने घटनास्थल पर पहुंचकर रोहटा पुलिस से पूरी जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी थी। ये हादसा नीलगाय की वजह से हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला नई बस्ती निवासी लगभग 26 वर्षीय आबिद कुरैशी पुत्र रिजवान बीती रविवार की देर रात नोएडा से अपने घर बुढ़ाना आ रहा था। लगभग रात्रि 11 बजे जब वह मेरठ जिले के रोहटा थाना क्षेत्र में आया तो सड़क पार कर रही नीलगाय ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी पर सवार आबिद अनियंत्रित होते हुए सड़क पर दूर तक घिसटता हुआ चला गया। जहां सिर में चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। आते-जाते राहगीरों ने मानवता के नाते घटना की सूचना गश्त कर रही रोहटा पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक की स्कूटी को कब्जे में लेकर मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। मृतक के मोबाइल फोन पर जब उसके परिजनों की कॉल आई, तो पुलिस के माध्यम से उसके परिजनों को घटना की सूचना मिली तो वे अपने वार्ड के सभासद इमरान कुरैशी के साथ रोते बिलखते मोर्चरी पहुंचे और शव की शिनाख्त आबिद के रुप में की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया। मृतक आबिद का शव सोमवार की सायं करीब 03 बजे बुढ़ाना लाया गया। जहां शाम को लगभग 6 बजे आबिद को सुपुर्दे-खाक कर दिया गया। मृतक आबिद के 2 छोटी-छोटी पुत्रियां बताई जा रही हैं।

## पालिका में खेल, सड़क बनी नहीं हो गया दस लाख का भुगतान

**दूसरे आधे अधूरे निर्माण पर अफसरों ने ठेकेदार को दिला दिया पूरा पैसा**

**मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)।** पालिका में किस तरह खेला होता है। पुरानी सड़क को ही नया बना बताकर दस लाख रुपए का भुगतान करा दिया गया। इसके अलावा दूसरे निर्माण के पूरा हुए बिना ही पालिका के अधिकारियों और ठेके दार की मिली भगत से पालिका के खाते से भुगतान भी हो गया। अब डीएम से इसकी जांच कराकर कार्रवाई और रिकवरी की मांग की गई है। दो वार्ड सभासदों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कृष्णापुरी इलाके में निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप नाली व सड़क का निर्माण न कराकर वित्तीय अनियमितताएं और शासकीय धन के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग की गई। डीएम को लिखे शिकायती पत्र में वार्ड 45 सभासद नर्गिस गुलरेज सिद्दीकी तथा वार्ड 54 के सभासद मौ. शहजाद ने कहा है कि निर्धारित कार्य योजना के अनुसार वार्ड संख्या-25 एवं 45 के तबलशाह रोड पर कादिर राणा की कोठी से इफ्तेखार सीमेंट एजेन्सी तक आरसीसी नाली एवं सीसी सडक निर्माण कार्य के लिए 79,00,000 रुपए की निधि स्वीकृत हुई थी। आरोप है कि सहायक अभियन्ता (निर्माण) व अवर अभियंता (निर्माण) ने वार्ड-25 सभासद ठेकेदार धर्मेन्द्र के साथ मिलकर भारी मिली भगत कर नाली का निर्माण कार्य पूरी तरह से अधूरा छोड़ दिया गया। उपरोक्त निर्माण कार्य में लगभग 10,00,000 रुपए की निधि को शामिल कर एक टेन्डर ऑफ लाईन कराया गया है। इसके बावजूद भी अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर उपरोक्त ठेकेदार को पूर्ण भुगतान भी करा दिया है। इस प्रकार के भ्रष्टाचार और लापरवाही से शासकीय राजस्व को भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा निर्धारित योजना के अनुसार वार्ड संख्या-25 दक्षिणी कृष्णापुरी स्थित सोनू से कल्लू तक एवं विनोद से रामू के मकान तक आरसीसी नाली एवं सीसी सडक निर्माण कार्य लगभग 10,00,000 रुपए निधि से स्वीकृत हुआ उक्त अधिकारी व ठेकेदार ने मिलकर पूर्व में बनी सड़क का निर्माण कराए बिना वर्तमान में भुगतान कराकर सीधा-सीधे या राजस्व का गबन कर भारी भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने उपरोक्त दोनों निर्माण कार्यों की फाईलें तलब कर मौके की जांच कराने की मांग डीएम से की है। शिकायत में कहा गया है कि यदि वार्ड 25 की निमार्णाधीन सड़कों व कोटेशन के आधार पर निर्माण कार्य आदि की फाईलें तलब की जाएं तो इन अधिकारियों द्वारा कराये गये करोड़ों रुपए का गबन खुलकर सामने आ जायेगा । सभासदों ने अपने पत्र में मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराकर दोषी सहायक अभियंता (निर्माण), अवर अभियंता (निर्माण) और सम्बन्धित ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कानूनी तथा विभागीय कार्यवाही के साथ शासकीय धन की रिवकरी सुनिश्चित करने की मांग की है।

NPP MZN

### सीएम आपत्तिजनक एआई वीडियो फेसबुक पर अपलोड करने वाला गिरफ्तार

**मीरापुर, 17 अगस्त (बु.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री की एआई से तैयार की गई आपत्तिजनक व अपमानजनक वीडियो फेसबुक पर अपलोड करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया। रविवार को मीरापुर में शाहनवाज कुरैशी नाम की फेसबुक आईडी से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एआई से तैयार एक वीडियो फेसबुक पर अपलोड की गई थी। उक्त वीडियो में मुख्यमंत्री के सिर में चोट लगी दिखाई जा रही है तथा उन्हें कुछ पुलिसकर्मियों ने पकड़ रखा है तथा वीडियो में वह पुलिसकर्मियों और देश के गृहमंत्री के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हिन्दू संगठनों और भाजपा नेताओं में आक्रोश फैल गया था। जानकारी मिलते ही मीरापुर थाने के एसआई अरुण कुमार ने वीडियो अपलोड करने के आरोपी शाहनवाज पुत्र इस्लाम निवासी मौहल्ला मुश्तर्क के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी शाहनवाज को गिरफ्तार कर उसका



## कैराना कोर्ट का फैसला : बर्खास्त सिपाही समेत तीन को उम्रकैद, सिपाही के पिता को 5 साल की सजा

**कैराना (शामली), 17 अगस्त (बु.)।** करीब सवा चार वर्ष पुराने कैराना क्षेत्र के चर्चित पिता-पुत्र हत्याकांड में न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस के बर्खास्त सिपाही समेत तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, मामले में बर्खास्त सिपाही के पिता को अपहरण में सहयोग करने का दोषी पाते हुए पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार राय की अदालत ने दोषियों को सजा सुनाई। मामला 5 अप्रैल 2022 को रुपयों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद से जुड़ा था। इस विवाद के बाद भूपेंद्र और उनके 20 वर्षीय पुत्र अर्जुन को कथित तौर पर बंधक बनाकर ले जाया गया था। अगले दिन 6 अप्रैल 2022 को दोनों के शव कांधला थाना क्षेत्र के गांव सल्फा के जंगल से बरामद हुए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की गोली लगने से मौत की पुष्टि हुई थी। मामले में सजा पाने वाले विक्रांत, मोनू और अर्जुन वीरेंद्र मेरठ जनपद के रहने वाले बताए गए हैं। चर्चित दोहरे हत्याकांड में लंबे समय तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद अदालत के फैसले से मामले में नया मोड़ आया है।

**दो लाख रुपये के लेनदेन से बढ़ा था विवाद**

**कैराना।** अभियोजन पक्ष के अनुसार, मेरठ के कंकरखेड़ा क्षेत्र की न्यू सैनिक बिहार निवासी भूपेंद्र ने गांव मखमूलपुर निवासी विक्रांत से करीब दो लाख रुपये उधार लिए थे। बाद में रुपये वापस करने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विक्रांत ने भूपेंद्र से पांच लाख 80 हजार रुपये की मांग शुरू कर दी थी। इसी विवाद के चलते विक्रांत व उसके परिवार के लोगों ने भूपेंद्र, उनके बेटे अर्जुन और सुरेश देवी को मखमूलपुर बुलाया। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि वहां तीनों को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की गई।

**रुपये लेने मेरठ भेजी गई थी महिला**

**कैराना।** बताया गया कि आरोपितों ने सुरेश देवी को रुपये लाने के लिए मेरठ भेज दिया। इसी दौरान उन्होंने पुलिस को डायल-112 के माध्यम से सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद भी आरोप है कि भूपेंद्र और उनके बेटे अर्जुन को आरोपित अपनी गाड़ी में बैठाकर अपने साथ ले गए। परिजनों को बताया गया कि दोनों को थाने ले जाया जा रहा है। हालांकि, अभियोजन के मुताबिक दोनों को थाने ले जाने के बजाय सल्फा गांव के जंगल की ओर ले जाया गया, जहां उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाद में दोनों के शव जंगल से बरामद हुए।

**पोस्टमार्टम में गोली लगने की हुई पुष्टि**

**कैराना।** घटना के बाद मृतक की मां सुरेश देवी की तहरीर पर कांधला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस विवेचना के बाद आरोपितों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने घटना से जुड़े साक्ष्य और गवाह न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद बर्खास्त सिपाही विक्रांत, उसके भाई अर्जुन तथा दोस्त मोनू को हत्या के मामले में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं, विक्रांत के पिता को अपहरण में सहयोग करने का दोषी मानते हुए पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई।

### नंगला खेपड़ में दो पक्षों में पुरानी रंजिश के चलते संघर्ष, तीन घायल

**मीरापुर, 17 अगस्त (बु.)।** गांव नंगला खेपड़ में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर चल रही रंजिश में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दोनों पक्षों के 7 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है । गांव नंगला खेपड़ निवासी

**दोनों पक्षों ने दस दिन बाद एक-दूसरे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया**

अरविन्द पुत्र रफूल व पड़ोसी वेदपाल पक्ष के बीच जमीनी विवाद के चलते रंजिश चली आ रही है। करीब दस दिन पूर्व दोनों पक्षों के बीच पहले खेत में फिर घर में आकर झगड़ा हो गया था, जिसमें एक पक्ष से प्रीतम व उसका पिता वेदपाल तथा दूसरे पक्ष से अरविन्द घायल हो गया था। घटना के बाद पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा था। पुलिस ने घटना के दस दिन बाद एक पक्ष के अरविन्द की तहरीर पर निरंकार व अक्षय पुत्रगण प्रीतम व प्रीतम पुत्र वेदपाल तथा दूसरे पक्ष के प्रीतम की तहरीर पर अरविन्द पुत्र रफलू, शौकीन पुत्र दुर्जन तथा अंकुर व अंकुश पुत्रगण शौकीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।



